Title: Need for early commissioning of TV Centres at Radhanpur and Disha in North Gujarat.

12.47 hrs.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मैं नियम ३७७ के अधीन सूचना देते हुए सरकार का ध्यान उत्तर गुजरात के राधानपुर टी.वी. केन्द्र और दिशा टी.वी. केन्द्र की तरफ दिलाना चाहता हूं। इन दोनों केन्द्रों पर आधुनिक किस्म के उपकरण कई करोड़ रुपए खर्च करके स्थापित हो चुके हैं, किन्तु अभी तक इनको पूरी तरह से चालू नहीं किया गया है जिसके कारण हम अपने साधनों का पूरी तरह से प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में सरकार का ध्यान दिलवाया गया तो हमको आश्वासन मिला कि इन्हें शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा, परन्तु अभी तक इनको चालू नहीं किया गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों टी.वी.रिले केन्द्रों को पूरी तरह से शीघ्र चालू किया जाए।